गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा

coe@ggtu.ac.in

क्रमांक :–एफ( )गोगुजवि / बाँस / परीक्षा / 2024–25 / 1964 दिनांक–05.07.2025

अधिसूचना जून 2025 / सेमेस्टर–2,4 / 7

NEP 2020

MA, M.Com (Final Year)

Semester III & IV

Only for Non Collegiate Students

1. 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' फ्रेमवर्क अनुसार स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों (एमए, एम.कॉम) के उत्तरार्द्ध (सेमेस्टर तृतीय–दिसम्बर सत्र, सेमेस्टर चतुर्थ–जून सत्र) में स्वयंपाठी विद्यार्थियों के लिए तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के पंचम प्रश्नपत्र में हस्तलिखित सत्रीय कार्य संबंधित महाविद्यालयों मेंप्रस्तुत करने का प्रावधान है।
2. पुनः स्पष्ट किया जाता है कि उक्त सत्रीय कार्य **न्यूनतम छः हजार से अधिकतम दस हजार शब्दों में हस्तलिखित किया जाना है** एवं अधोलिखित तालिका अनुसार निर्धारित तिथियों में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

क्र. सं.	कक्षा	सेमेस्टर	परीक्षा सत्र	जिन प्रश्नपत्रों के विषय वस्तु पर सत्रीय कार्य बनाया जाना है	सत्रीय कार्य प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (सेमेस्टर परीक्षा अनुसार)
1	एमए, एम.कॉम उत्तरार्द्ध	तृतीय सेमेस्टर	दिसम्बर	प्रथम सेमेस्टर के पाँच प्रश्नपत्र एवं तृतीय सेमेस्टर के चार प्रश्नपत्र, कुल नौ प्रश्नपत्रों के पाठ्यक्रम से संबंधित विषय	31 जनवरी (तृतीय सेमेस्टर हेतु)
2		चतुर्थ सेमेस्टर	जून	द्वितीय सेमेस्टर के पाँच प्रश्नपत्र एवं चतुर्थ सेमेस्टर के चार प्रश्नपत्र, कुल नौ प्रश्नपत्रों के पाठ्यक्रम से संबंधित विषय	31 जुलाई (चतुर्थ सेमेस्टर हेतु)

उक्त सत्रीय कार्य प्रस्तुत करने के संबंध में निम्न प्रक्रिया का ध्यान रखें–

(i) विद्यार्थी उक्त सत्रीय कार्य को विश्वविद्यालय परीक्षा वेबसाईट (www.ggtuexam.com) जहाँ से परीक्षार्थी ने आवेदन पत्र ऑनलाईन प्रस्तुत किया, स्वयं के लॉगिन आईडी से उक्त सत्रीय कार्य का पीडीएफ निर्धारित तिथि में ही अपलोड करेंगे। निर्धारित तिथि उपरांत पैनल बंद कर दिया जाएगा।

(ii) सत्रीय कार्य ऑनलाईन अपलोड करने के बाद आगामी तीन कार्य दिवस के भीतर सत्रीय कार्य की हॉर्डकापी संबंधित महाविद्यालय (जहाँ विद्यार्थी ने परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, उसी महाविद्यालय में निर्धारित फॉर्मेट में निर्धारित तिथि में जमा कराना अनिवार्य है।) में जमा करेंगे एवं सत्रीय कार्य जमा करने के निमित्त महाविद्यालयों में संबंधित उपस्थिति शीट पर हस्ताक्षर करेंगे। **विद्यार्थी सत्रीय कार्य के साथ संबंधित सेमेस्टर के परीक्षा प्रवेश पत्र (Examination Admit Card) की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करेंगे।**

(iii) सत्रीय कार्य ऑनलाईन अपलोड करना एवं इसकी हॉर्डकापी महाविद्यालय में जमा करवाना अनिवार्य है। इस प्रक्रिया के अभाव में सत्रीय कार्य का मूल्यांकन नही किया जा सकेगा।

(iv) सत्रीय कार्य प्रस्तुत न करने, फलस्वरूप मूल्यांकन न हो पाने के कारण विद्यार्थी को संबंधित प्रश्नपत्र में अनुपस्थित दर्ज किया जाएगा एवं यह प्रश्नपत्र नियम अंतर्गत आगामी सत्र में विद्यार्थी को परीक्षा आवेदन पत्र में ड्यू प्रश्नपत्र के रूप में भरना होगा। परीक्षा आवेदन पत्र भरने पर ही संबंधित सत्रीय कार्य जमा करवाया जा सकेगा एवं मूल्यांकन किया जा सकेगा।

परीक्षा नियन्त्रक

परीक्षा नियन्त्रक
गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय
बांसवाड़ा (राज.)